परम रुद्र सुपरकंप्यूटर

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

हाल ही में, प्रधानमंत्री ने उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (HPC) में आत्मनिर्भरता के लिये भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए तीन **PARAM रुद्र सुपर कंप्यूटरों** को वर्चुअली लॉन्च किया।

- सुपर कंप्यूटर **पुणे, दिल्ली** और **कोलकाता** में तैनात किये गए हैं:
  - **पुणे:** जायंट मीटर रेडियो टेलीस्कोप (GMRT) का उपयोग फास्ट रेडियो बर्स्ट (FRB) जैसी **खगोलीय घटनाओं** के अन्वेषण के लिये किया जाएगा।
    - तीव्र रेडियो प्रस्फुटन विद्युत चुंबकीय विकिरण (प्रकाश) का एक **प्रदीप्त और संक्षिप्त विस्फोट** है जो **रेडियो-तरंग आवृत्तियों** में देखा जाता है।
  - **दिल्ली: अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र (IUAC)** द्वारा इसका उपयोग **पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी** में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये किया जाएगा।
  - **कोलकाता: एस.एन. बोस सेंटर** द्वारा इसका उपयोग **भौतिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान** में अनुसंधान के लिये किया जाएगा।
- **PARAM रुद्र सुपरकंप्यूटर** राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) का हिस्सा हैं।
- **NSM के संदर्भ में:** इसका **उद्देश्य** पूरे भारत में **उन्नत कंप्यूटिंग प्रणालियों का** एक नेटवर्क बनाना है।
  - यह **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** और **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST)** के बीच एक सहयोग है ।
- सुपरकंप्यूटर **उन्नत कंप्यूटिंग प्रणालियाँ हैं जिन्हें जटिल और डेटा-गहन** कार्यों के प्रबंधन के लिये डिज़ाइन किया गया है जिनके लिये महत्त्वपूर्ण **कंप्यूटेशनल क्षमता** की आवश्यकता होती है।



//

अधिक पढ़ें: राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-param-rudra-supercomputers